कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

कमांक / एन.एच.एम. / एच.आर. / 2026 33222 रायगढ़, दिनांक 23/11 / 2026

-:: संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन ::-

सचिव, छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर का पत्र कमांक / RULE / 24 / 2026-GAD-3 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 09.02.2026 एवं आयुक्त सह मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. का अर्द्धशासकीय पत्र कमांक / ESTB / 15733 / 566 दिनांक 01.06.2026 के द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला–रायगढ़ व सारंगढ़–बिलाईगढ़ (वि.ख.–बरमकेला व सारंगढ़) के वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु स्वीकृत आर. ओ.पी. के अनुसार तथा मानव संसाधन नीति– 2018 में दिए गए निर्देशानुसार **रिक्त संविदा पदों** हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है जिसके लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदक निर्धारित प्रारूप में स्पष्ट एवं त्रुटिरहित **ऑनलाईन आवेदन दिनांक** 24.11.2026 से 08.12.2026 तक सायं 06.00 PM बजे तक वेबसाइट https://govthealth.cg.gov.in/recraigarh2026/ पर कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय उपरांत अथवा अन्य माध्यम से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। जिला स्तरीय रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है –

SNo	Post Name	Qualification	एकमुश्त वेतन	कुल रिक्त पद	अनारक्षित			अ.पि.वर्ग			अ.जा.			अ.ज.जा.		
					मुक्त	महिला	दिव्यांग	मुक्त	महिला	दिव्यांग	मुक्त	महिला	दिव्यांग	मुक्त	महिला	दिव्यांग
1	2ND ANM	12th Passed, ANM Passed & INC affiliated Training center & live Registration in Chhattisgarh Nursing Ragistration Council	12000/-	3	1	0	0	1	0	0	0	0	0	1	0	0
2	Nursing Officer NHM	B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council	16500/-	2	0	0	0	0	0	0	0	0	0	2	0	0
3	Sr. Nursing Officer (NMHP)	एम.एस.सी. साईकेट्रिक नर्सिंग अथवा बी.एस.सी. नर्सिंग के साथ डिप्लोमा इन साईकेट्रिक नर्सिंग (नर्सिंग काउंसिल में रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है) के साथ 02 वर्ष मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल अथवा क्लीनिक में कार्य करने का अनुभव। वांछित डिप्लोमा इन कम्युनिटी मेंटल हेल्थ (साईकेट्रिक नर्सिंग को प्राथमिकता दी जावेगी)	31500/-	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0
4	Laboratory Technicians (NHM)	D.M.L.T. Or B.M.L.T./Passed in Pathology Paramedical Course With Registration in C.G. Paramedical Council.	14000/-	2	0	0	0	0	0	0	1	0	0	1	0	0
5	Laboratory Technicians - BPHU	D.M.L.T. Or B.M.L.T./Passed in Pathology Paramedical Course With Registration in C.G. Paramedical Council.	14000/-	9	3	1	0	1	0	0	1	0	0	3	0	0
6	Physiotherapist	Bechelor's Degree in Physiotherapy (BPT)	18000/-	4	0	0	0	1	0	0	1	0	0	2	0	0
7	MO - AYUSH-NHM	BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration from any GOI Recognised (BAMS/BHMS/BUMS) Ayush, Homeo, Unani Registration Board	25000/-	1	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
8	MO - AYUSH-Male	BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration from any GOI Recognised (BAMS/BHMS/BUMS) Ayush, Homeo, Unani Registration Board	25000/-	5	1	0	0	1	0	0	1	0	0	2	0	0
9	MO - AYUSH-Female	BHMS/BAMS/BUMS Degree Registration from any GOI Recognised (BAMS/BHMS/BUMS) Ayush, Homeo, Unani Registration Board	25000/-	2	0	0	0	0	0	0	0	0	0	2	0	0
10	ANM RBSK	ANM Course Passed in Indian Nursing Board & Live Registration in Chhattisgarh Nurses Ragistration Council	12000/-	3	0	0	0	1	0	0	0	0	0	2	0	0
11	Pharmacists RBSK	Degree or Diploma in Pharmacy (50%) & Registration in Pharmacy Registration Council	16500/-	6	2	0	0	0	0	0	2	0	0	2	0	0
12	Laboratory Technicians RBSK	D.M.L.T. Or B.M.L.T./Passed in Pathology Paramedical Course With Ragistration in C.G. Paramedical Council.	14000/-	3	0	0	0	0	0	0	1	0	0	2	0	0
13	Staff Nurse - NRC	B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council	16000/-	6	1	0	0	1	0	0	1	0	0	3	0	0
14	Cook cum care taker-NRC	8th Passed	8800/-	1	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
15	Feeding Demonstrator-NRC	B.Sc Home Science	12000/-	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0

16	Attendant - NRC	8th Passed	8800/-	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0
17	Staff Nurse - SNCU	B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council	16000/-	11	3	1	0	1	0	0	2	0	0	3	1	0
18	Staff Nurse - NBSU	B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council	16000/-	5	1	0	0	1	0	0	1	0	0	2	0	0
19	Cleaner (SNCU)	8th Passed	8800/-	1	0	0	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0
20	Community Health Officer	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्युनिटी हेल्थ सम्मिलित बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम (B.Sc. Nursing Certificate in Community Health intigrated Course) उत्तीर्ण । अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्युनिटी हेल्थ सम्मिलित पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. पाठ्यक्रम (Post Basic BSc. Nursing Certificate in Community Health intigrated Course) उत्तीर्ण।	16500/	62	9	4	2 [OL - 1(F) -BL OL- 1]	4	1	0	10	3	0	18	8	3 [OL- I(M) - BL,] OL- 2
21	Counselor - NHM	PG Degree/Diploma in Psychology/Counselling/health/education/Mass Communication/ Social Science	12000/-	6	2	0	0	0	0	0	1	0	0	3	0	0
22	Social Worker - NMHP	1. एम.फिल. साईकेट्रिक सोशल वर्क यदि योग्यता न होने की दशा में मास्टर ऑफ सोसल वर्क (Specialization in Medical and Psychiatry) के साथ 02 वर्ष मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल अथवा क्लीनिक में कार्य करने का अनुभव। 2. अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा इन कम्युनिटी मेंटल हेल्थ (साईकेट्रिक सोशल वर्क) को प्राथमिकता दी जावेगी।	22000/-	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0
23	Radiographer- NHM	1. 10+2 पद्धति में 12वीं कक्षा विज्ञान विषय के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए । 2. क्ष–किरण तकनीशियन/रेडियोग्राफर का छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त पैरामेडिकल पाठ्यकम उत्तीर्ण होना चाहिए। 3– छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल कौंसिल से रेडियोग्राफर/ क्ष–किरण तकनीशियन का जीवित पंजीयन होना चाहिए।	15000/-	1	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
24	Staff Nurse - UHWC	01. B.Sc Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing 02. General Nursing and Midwifery (GNM) with CG Nursing Council registration (Final Merit list prepared on the basis of order of priority like 1 & 2)	16500/-	4	1	0	0	0	0	0	1	0	0	2	0	0
25	MPW (Male) - UHWC	Must have passed Higher Secondary Examination (10+2) examination with Biology Subject. One Year Diploma in Multipurpose worker Training or Equivalent Training from Training center recognized by the state government with registered in chhattisgarh Paramedical Council.	14000/-	5	0	0	0	0	0	0	1	0	0	4	0	0
26	Block Programme Manager	MBA or MSW with (Minimun 55%)+1 Year Computer Diploma	26000/-	1	0	0	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0
27	Jr. Secretrial Assistant - UHWC	12th Passed with at least 1 year Computer Diploma	12000/-	1	0	0	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0
28	Class - IV - UHWC	10th Passed	10000/-	2	0	0	0	1	0	0	1	0	0	0	0	0
29	OT Technician	1. जीव विज्ञान, रसायन एवं भौतिक विषय में 10+2 उत्तीर्ण। 2. ओ.टी. टेक्नीशियन पैरामेडिकल कोर्स एवं छ.ग. पैरामेडिकल काउंसिल में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।	14000/-	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0
30	JSA-PADA	12th Passed with At least 1 year Diploma in Computer Aplications	12000/-	2	1	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0
31	Sr. Laboratory Technicians	M.Sc. Medical Microbiology (Regular)/Applied Microbiology (Regular)/General Microbiology(Regular)/Biotechnology(Regular)/Medical Biotechnology(Regular) with 01 Year Experience in TB Culture Lab/Bacteriology.ORB.Sc. Microbiology (Regular)/ Biotechnology (Regular)/Biochemistry (Regular)/Chemistry(Regular)/ Life Science(Regular) with 02 Year Experience in TB Culture Lab/Bacteriology.Passed out from UGC recognised universities/institutions. (Common Merit list will be Prepared.)	21000/-	2	1	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0

32	Technical Assistant - Optometrist (DEIC)	Diploma in Optometry from a Recognized Institution However. (Candidates Having Masters/Bachelor Degree in Optometry will be given preference.)	15000/-	1	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
33	Dental Assistant DEIC	Diploma in Dental Technology from a recognized institution(Preference will be given to candidates having at least 2 years post Qualification experience in related field)	14000/-	1	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
34	Jr. Secretrial Assistant - LDC - NUHM	12 th Passed with At least 1 Year Diploma in Computer Application	12000/-	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0
35	Dental Surgeon-NHM	MDS with registration in Chhattisgarh medical council in compulsary or BDS with registration in Chhattisgarh medical Council is compulsary.	27500/-	1	0	0	0	0	0	0	1	0	0	0	0	0
36	Dental Surgeon-NUHM	MDS with registration in Chhattisgarh medical council is compulsary or BDS with registration in Chhattisgarh medical Council is compulsary.	27500/-	1	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
37	Dental Assistant-NUHM	Essential :- Matriculation form Recognised Board Desirable:- Experience: Two year experience in a dental college clinic, only govt health facility experience should be considered - Preferance can be given to candidates done 1 year course of lab technician (Dental Work related)/Hygenist or dental technician from medical college.	12000/-	1	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
38	AAYA BAI-SNCU	8th Passed	8800/-	2	0	0	0	1	0	0	0	0	0	1	0	0
39	Psychologist – Clinical (NMHP)	1– एम.फिल क्लिनिकल साईकोलॉजी, यदि योग्यता न होने की दशा में एम.एस.सी. साईकोलॉजी/एमएससी रिहैबिलिटेशन साईकोलॉजी/एमए साईकोलॉजी, रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया से रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है एवं 02 वर्ष मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल अथवा क्लिनिक में कार्य करने का अनुभव 2– अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा इन कम्यूनिटी मेंटल हेल्थ (क्लिनिकल साईकोलॉजी) को प्राथमिकता दी जावेगी।	31500/-	1	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
40	Nursing Officer - NUHM	B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council	16500/-	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0
41	Laboratory Technicians - DPHL	1. Higher Secondary (10+2) in Biology with BMLT2. (A) Higher Secondary (10+2) in Biology with DMLT.(B) Higher Secondary (10+2) in Biology with Paramedical Technician one year certificate course (CMLT). [Registration in Paramedical Council of india or Chattisgarh Paramedical Council](First Preference will be given to BMLT	14000/-	4	1	0	0	1	0	0	1	0	0	1	0	0
42	Lab Assistant-DPHL	12th Pass with Biology with 01 Year Experience in laboratory.	12000/-	2	1	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0
43	Pharmacists NUHM	Degree or Diploma in Pharmacy & Registration in Pharmacy Registration Council	16500/-	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0
44	TBHV-NTEP	Essential:- 1. Graduate OR 2. Intermediate (10+2) and experience of working as MPW/LHV/ANM/Health worker/ certificate of higher course in Health Education/Counselling. OR 3. Tuberculosis health visitors recognized course. 4. Certificate Course in computer operation (Minimum 2 months) Desirable - Training course for MPW or recognized sanitary inspectors course.	14000/-	3	1	0	0	1	0	0	1	0	0	0	0	0
45	JSA-PADA-DPMU	12th Passed with At least 1 year Diploma in Computer Aplications	12000/-	1	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
46	Staff Nurse-LMU	B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council	16000/-	2	1	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0
47	Programme Associate-DEIC	1. MBBS/BDS/Ayush/Other health Allience with PG Degree/Diploma in Health or MSW 2. PG Diploma in Hospital Management 3. PG Diploma in Health Management/Health Administration (Any of Above)	30000/-	1	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
48	Secretarial Assistant-SRL	Graduate with at least 1 Year Diploma in Computer Applications	13650/-	1	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0

नोट :–

1. स्टाफ नर्स/नर्सिंग ऑफिसर/सी.एच.ओ. के पद से ही दिव्यांग का पद – OL-One Leg के लिये आरक्षित है।
2- सीएचओ पद के दिव्यांग श्रेणी में BL–Backlog अंकित है।

विज्ञापन नियम एवं शर्तें

1 सभी पद पूर्णतः संविदा है, जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 एवं मानव संसाधन नीति–2018 के यथा संभव संशोधित नियमों के सभी शर्तों एवं नियम के अधीन है।

2 उक्त पदों पर नियमानुसार शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार क्षैतिज व प्रवर्गवार महिलाओं/निःशक्तजन के लिये आरक्षण लागू होगा। छ.ग. शासन द्वारा समय–समय पर जारी विशेष आरक्षण नियम एवं शर्तें लागू होगी।

3 उपरोक्त पदों पर आवेदन के समय मान्यता प्राप्त शिक्षा मंण्डल/संस्था/विश्वविद्यालय से निर्धारित अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता (समस्त वर्षों की अंकसूची) एवं कम्प्यूटर से संबंधित डिग्री/डिप्लोमा मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से धारित होना अनिवार्य है।

4 इस नियुक्ति प्रकिया मे आरक्षण संबंधी अंतिम आदेश माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल.पी. (सी) कमांक 19668/2022 के अधीन होगी।

5 **आयु सीमा**–संविदा भर्ती के लिये न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु तथा 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु होगी। आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2026 को आधार मानकर की जायेगी।

6 एक से अधिक पदों के लिये आवेदन करने की स्थिति में **पृथक–पृथक आवेदन** एवं **पृथक–पृथक शुल्क** देय होगा।

7 **संविदा मानदेय** :– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय व अन्य राशि प्रावधानित आर.ओ.पी. (NHM) अनुसार देय होगी, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नही होगा।

8 विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जावेंगे।

9 आरक्षण – अविभाजित जिला रायगढ़ में प्रचलित रोस्टर पद्धति के अनुसार आरक्षण का प्रावधान लागू किया जावेगा।

10 **आवेदन**– आवेदन ऑनलाईन माध्यम से लिया जावेगा । अतः **आवेदन करने के पूर्व विज्ञापन में दिये गये दिशा–निर्देशों का अच्छी तरह से अध्ययन करें।**

11 ऑनलाईन आवेदन केवल अंग्रेजी माध्यम के कैपिटल लेटर में भरें।

12 अभ्यर्थी मोबाईल नंबर के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन करेंगे। तत्पश्चात् पंजीयन नंबर एवं पासवर्ड अभ्यर्थी के मोबाईल नंबर पर प्राप्त होगा, पंजीयन नंबर एवं पासवर्ड का उपयोग कर लॉगिन करेंगे एवं अपना आवेदन प्रविष्ट करेंगे। पंजीयन उपरांत यदि अभ्यर्थी एक से अधिक पदों पर आवेदन करना चाहता है तो उक्त पंजीयन नम्बर का उपयोग करते हुए अन्य पद में आवेदन कर सकता है किन्तु आवेदन शुल्क पृथक से देय होगा।

13 **आवेदक द्वारा विज्ञापन मे दिये गये QR CODE को SCAN कर आवेदन शुल्क का भुगतान कर प्राप्त** Transaction id Number **को एवं पावती को पीडीएफ माध्यम से ऑनलाईन आवेदन मे प्रविष्टी (अपलोड) करना अनिवार्य होगा।**

14 आवेदन करने से पूर्व सभी आवश्यक दस्तावेज पीडीएफ में एवं नवीनतम पासपोर्ट साईज का फोटो (50 KB) एवं हस्ताक्षर JPG/JPEG फार्मेट (20 KB) में तैयार रखें। दस्तावेज ऑनलाईन फार्म के अनुसार दिये गये साइज (500 KB) में अपलोड मान्य किये जायेंगे।

15 भरे हुये आवेदन का **प्रिंट निकालकर** आवेदक पावती प्रिंट करके सुरक्षित रखें, जिसे दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

16 ***उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन के समय आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता के अंतिम वर्ष की अंकसूची (जिसमें समस्त वर्षों का अंक दर्शित हो) अथवा समस्त वर्षों की अंकसूची, अनुभव प्रमाण पत्र/कोविड अनुभव प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी/नियुक्तिकर्ता द्वारा जारी आदेश के साथ), स्थायी जाति, निवास प्रमाण पत्र, दिव्यांगता की स्थिति में दिव्यांगता प्रमाण पत्र, स्व प्रमाणित अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा। समस्त अनिवार्य दस्तावेज (शैक्षणिक योग्यता, स्थायी जाति, निवास पंजीयन, दिव्यांगता पंजीयन व अन्य अर्हता पंजीयन (आवेदित पद के अनुरूप जीवित कांउसिल पंजीयन) के अनुसार विवरण प्रविष्ट किया जाना अनिवार्य होगा। जिसका सूक्ष्म परीक्षण दस्तावेज परीक्षण के समय किया जावेगा।***

17 दस्तावेजों परीक्षण/सत्यापन के समय ऑनलाइन भरे हुए आवेदन एवं प्रस्तुत किये गये संबंधित दस्तावेज के विवरण में असमानता पाये जाने पर एवं किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने की अवस्था में वैधानिक कार्यवाही की जावेगी अथवा अभ्यर्थी का आवेदन निरस्त किया जा सकता है, जिसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

18 अभ्यर्थियों द्वारा विज्ञापन में दिये गये निर्देशों का अध्ययन कर ऑनलाईन आवेदन में दिये गये समस्त प्रविष्टियां मूल दस्तावेज अनुसार सही होना चाहिये। अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जायेगें। अंतिम चयन के पूर्व या पश्चात् मूल दस्तावेज जाँच में पाया जाता है कि आवेदन में अंकित जानकारी त्रुटिपूर्ण या अधूरी/कूटरचित रहने की स्थिति में उनकी पात्रता/चयन निरस्त किया जा सकता है। इस संबंध में अंतिम निर्णय नियुक्तिकर्ता/चयन समिति का होगा।

19 शैक्षणिक योग्यता जिस संस्था से प्राप्त है, उस संस्था का यू.जी.सी., ए.आई.सी.टी.ई. एवं संबंधित काउंसिल से पंजीयन/मान्यता, विज्ञापन जारी होने के दिनांक के पूर्व का होना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त अन्य संस्था अमान्य है (इस हेतु वेबसाईट **https://www.ugc.ac.in)** का अवलोकन करें।

20 विज्ञापित पदों हेतु निर्धारित समस्त शैक्षिणक योग्यता तथा समस्त पंजीयन विज्ञापन जारी दिनांक के पूर्व का होना अनिवार्य है।

21 जिन पदों की शैक्षणिक योग्यता या अंकसूची में ग्रेड अंकित है, ऐसे अभ्यर्थियों को अपने शिक्षण संस्था प्रमुख/प्राचार्य के द्वारा प्राप्तांक एवं पूर्णांक की गणना अंकों (प्रतिशत सहित) में कराकर ऑनलाईन आवेदन में अंकित किया जाना अनिवार्य होगा तथा दस्तावेज परीक्षण के समय उक्त प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन अमान्य कर अपात्र किया जावेगा।

22 **आवेदन शुल्क** :– आवेदन शुल्क का विवरण निम्नानुसार है–

वर्ग	मानदेय प्रतिमाह <=25000	मानदेय प्रतिमाह >25000	QR कोड
दिव्यांग/अ.जा./अ.जा.जा./महिला	100 रू.	200 रू.	
अ.पि.व.	200 रू.	300 रू.	
अनारक्षित	300 रू.	400 रू.	

आवेदक द्वारा QR कोड Scan कर आवेदन शुल्क का भुगतान किया जाना होगा।

नोट– दिव्यांग अभ्यर्थियों के द्वारा आनलाईन आवेदन फार्म में दिव्यांगता का उल्लेख नही किये जाने की स्थिति में, यथा निर्धारित शुल्क का भुगतान किया जाना होगा। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के द्वारा अनारक्षित वर्ग में आवेदन किये जाने पर नियमानुसार शुल्क का भुगतान किया जाना होगा।

23 **भर्ती प्रक्रिया** :–

A. प्राप्त आवेदन पत्रों एवं संलग्न दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत दावा–आपत्ति हेतु पात्र–अपात्र अभ्यार्थियों की सूची, सूचना एवं अन्य निर्देशों का प्रकाशन जिले के वेबसाईट https://raigarh.gov.in में पृथक से किया जायेगा। समयानुसार इसके अवलोकन की जिम्मेदारी अभ्यर्थियों की होगी। इसके अलावा अन्य किसी भी माध्यम से कोई भी सूचना अभ्यर्थी को नहीं दी जावेगी।

B. ***दावा आपत्ति में किसी भी प्रकार का नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जायेगा।*** मूल आवेदन मे दिये गये विवरण के आधार पर दावा आपत्ति निराकरण की कार्यवाही की जावेगी एवं दावा आपत्ति में केवल लिपिकीय त्रुटि का ही सुधार किया जायेगा। सत्यापन के समय किसी भी मूल दस्तावेज के अभाव में परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

C. दावा–आपत्ति हेतु अभ्यर्थियों को ऑनलाईन पोर्टल में लॉग–इन कर चयन समिति द्वारा जारी किये गये निर्धारित प्रारूप मे ही दावा–आपत्ति कर निर्धारित तिथि तक आवेदन करना अनिवार्य होगा।

D. उक्त भर्ती प्रक्रिया में आवेदकों की योग्यता के आधार पर पात्र/अपात्र करने का अधिकार जिला स्तरीय चयन समिति का होगा।

24 निर्धारित समय सीमा में प्राप्त पात्र आवेदनों में से रिक्तियों के आधार पर निम्न तालिका में दिये अनुसार अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन/लिखित परीक्षा/कम्प्युटर बेस्ड टेस्ट/क्लीनिकल स्किल बेस्ड टेस्ट चयन हेतु बुलाया जावेगा।

तालिका

क्रमांक	कुल विज्ञापित पदों की संख्या	लिखित/कौशल परीक्षा लिये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या
1	1 से 10 होने पर	कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना
2	11 से 50 होने पर	कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना
3	50 से अधिक होने पर	कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 03 गुना

25 परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/कम्प्युटर बेस्ड टेस्ट/क्लीनिकल स्किल बेस्ड टेस्ट के समय आवेदन में उल्लेख किये गये विवरण अनुसार संबंधित समस्त मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। सत्यापन के समय किसी भी मूल दस्तावेज के अभाव में परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नही दी जावेगी।

26 जिन विज्ञापित पदों में नर्सिंग/पैरामेडिकल काउंसिल में जीवित पंजीयन मांगा गया है, उन पदों हेतु जीवित पंजीयन विज्ञापन जारी होने के दिनांक के पूर्व का अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों द्वारा संबंधित पंजीयन का जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किये जाने की स्थिति में अपात्र किये जावेंगे।

27 शैक्षणिक अर्हता:-

27.1 Community Health Officer (CHO) के पद पर ऐसे अभ्यर्थी जो सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूनिटी हेल्थ सम्मिलित बी.एस.सी. नर्सिग पाठ्यक्रम (B.Sc.Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूनिटी हेल्थ सम्मिलित पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिग पाठ्यक्रम (Post Basic B.Sc. Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) उत्तीर्ण हो उन्हें विज्ञापन में संलग्न Appendix-1 अनुसार Integrated Course उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य से हस्ताक्षर कराकर आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

27.2 संयुक्त संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. के पत्र क्रमांक/एनएचएम/एचआर/2022/एसएन/1637/3703 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 24.02.2022 के अनुसार अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा हेतु निर्धारित कुल अंकों का 40 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा। 40 प्रतिशत अंक अर्जित नहीं करने की दशा में अभ्यर्थी को अपात्र माना जायेगा।

27.3 आवश्यकतानुसार कौशल परीक्षा जिला मुख्यालय में ली जावेगी। जिसमें सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा/दैनिक भत्ता भुगतान नहीं किया जावेगा।

27.4 आवश्यकतानुसार कौशल/लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की सूची तथा परीक्षा स्थान की जानकारी एवं भर्ती संबंधी जानकारियां समय–समय पर जिले के वेबसाइट https://raigarh.gov.in एवं कार्यालयीन सूचना पटल में उपलब्ध कराई जावेगी, अन्य किसी माध्यम से सूचना नहीं दिया जायेगा।

1. लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा के समय/पूर्व दस्तावेज स्कूटनी हेतु निम्न दस्तावेजों की मूल प्रति एवं एक स्वप्रमाणित प्रतिलिपि के साथ अभ्यर्थियों को उपस्थित होना अनिवार्य होगा :–

- 8 वीं अंकसूची
- 10 वीं अंकसूची/जन्म प्रमाण पत्र
- 12 वीं अंकसूची
- स्नातक/स्नातकोत्तर/अन्य निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के समस्त वर्षों की अंकसूची
- संबंधित डिग्री/वांछनीय शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची
- मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर की डिप्लोमा/डिग्री की अंकसूची।
- अर्हतानुसार अनिवार्य तकनीकि शैक्षणिक योग्यता संबंधी डिग्री।
- छ.ग. का संबंधित आवेदित पद का काउंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)
- छत्तीसगढ़ के निवासियों हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण–पत्र
- सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो)
- पहचान पत्र (आधार कार्ड/वोटर आई.डी./पेन कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस आदि जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पता एवं फोटो हो)

- अनुभव प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी/नियोक्ता)
- अनापत्ति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)
- अन्य संबंधित दस्तावेज (यदि लागू हो तो)
- यदि दिव्यांग है तो दिव्यांगता प्रमाण पत्र/पहचान पत्र (यू.डी.आई.डी.) मेडिकल बोर्ड से 40 प्रतिशत या अधिक का जीवित दिव्यांगता प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।)
- वर्तमान नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण–पत्र (लागू हो तो)
- सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पद हेतु इंटीग्रेटेड सर्टिफिकेट इन कम्यूनिटी हेल्थ प्रमाण–पत्र ।

(उपरोक्त कम अनुसार ही अभ्यर्थी स्व–प्रमाणित वांछित दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ संलग्न करेंगे।)

28 अनुभव प्रमाण पत्र –

A. **जिन पदो में अनुभव मांगा गया है, अनुभव प्रमाण पत्र केवल, जिला/विकासखण्ड स्तर के सक्षम/नियुक्तिकर्ता अधिकारी (शासकीय संस्थान) द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र एवं शासकीय वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थानों (यथा SHRC) या उपकम का ही मान्य होगा।** अनुभव प्रमाण पत्र में अनुभव की अवधि का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने तथा कार्यालयीन जावक क्रमांक नहीं होने पर अनुभव प्रमाण पत्र अमान्य किया जावेगा तथा शैक्षणिक योग्यता पूर्ण करने के उपरांत प्राप्त अनुभव के आधार पर अनुभव के अंक मान्य की जायेगी।

B. अनुभव में अंकों की गणना एवं एक संस्था में एक पद पर 12 माह पूर्ण होने पर ही एक वर्ष का अंक दिया जावेगा। 12 माह से कम अनुभव होने पर अंकों की गणना नहीं की जावेगी।

C. **प्रशिक्षित मितानिन अनुभव** – राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. के पत्र कमांक/एन.एच. एम/2018/591/922 रायपुर दिनांक 30.06.2018 के परिपालन में नर्सिंग अथवा ए.एन.एम प्रशिक्षित मितानिन एवं मितानिन प्रशिक्षक के रूप में (प्रतिवर्ष 04 अंक) अनुभव हेतु अंक दिया जावेगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. के संविदा ए.एन.एम./नर्सिंग पदो के लिए उपरोक्त प्रावधान 31 दिसम्बर 2017 तक ए.एन.एम. पाठयकम में उत्तीर्ण हो चुकी मितानिनों के लिए ही लागू होगा। राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। शासन के निर्देशानुसार ***मितानिनों का अनुभव राज्य स्तर से होने पर अधिकतम 20 अंक दिये जाने का प्रावधान है।***

D. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विज्ञापित ऐसे समस्त पद जिसमें अनुभव चाहा गया है अनुभव शासकीय/अर्द्धशासकीय एवं वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थानों में कार्य करने का ***प्रतिवर्ष 02 अंको के मान से अधिकतम 10 अंक देय होगा। एन.एच.एम. में कार्यरत अभ्यर्थियों को पद से संबधित कार्य अनुभव हेतु प्रतिवर्ष के मान से 03 अंक अधिकतम 15 अंक*** दिया जावेगा।

E. **कोविड–19 अनुभव** – अवर सचिव छ0ग0 शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के आदेश क्र. एफ 1–67/2021/सत्रह–1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 07.12.2021 के आदेशानुसार कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छ0ग0 राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं 06 माह तक सेवा देने वाले अस्थायी स्वास्थ्य कर्मियों को विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर चयन हेतु 10 बोनस अंको का लाभ दिया जाना है। एनएचएम/नान एनएचएम/एस.डी.आर.एफ.(कोविड–19) डीएमएफ (कोविड–19) इत्यादि में से प्राप्त अधिकतम अनुभव अंक को ही लिया जावेगा। किसी भी दशा में 15 से अधिक अंक प्रदाय नहीं किया जावेगा । (मितानिन अनुभव को छोड़कर)

F. शासकीय /अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। अनुभव अंक हेतु नियोक्ता द्वारा जारी हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र को ही मान्य किया जायेगा। अनुभव प्रमाण पत्र में किसी भी प्रकार का ओवर राइटिंग/त्रुटिपूर्ण होने की स्थिति में अमान्य कर दिया जायेगा।

नोटः– मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का विज्ञापन कमांक/NHM/HR/2022/NS-29/107 नया रायपुर अटल नगर दिनांक 11.04.2022 के संदर्भ अनुसार अभ्यर्थी द्वारा यदि C,D,E, तीनों में से दो अथवा तीन अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाता है, तो उसे दोनों अथवा तीनों में जिसका अंक अधिक हो केवल एक का ही लाभ दिया जावेगा।

29 मितानिन प्रशिक्षित हेतु – अंतिम चयन सूची का निर्धारण में ए.एन.एम./जी.एन.एम. नर्सिग प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों का शैक्षणिक योग्यता/कौशल परीक्षा/अनुभव के अंक क्रमशः 60/20/20 के अनुसार गणना की जावेगी।

30 ए.एन.एम. पद हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता ए.एन.एम. उत्तीर्ण अंकों के प्रतिशत के आधार पर गणना की जावेगी।

31 शेष अन्य संविदा पदों पर नियुक्ति हेतु – अंतिम चयन सूची का निर्धारण शैक्षणिक योग्यता का 65% अंक, अनुभव का 10/15 अंक, लिखित/कौशल परीक्षा का 20 अंक के आधार पर कुल 100% अंक की गणना कर चयन समिति द्वारा अंतिम सूची तैयार किया जावेगा।

32 कौशल परीक्षा 20 अंक – पद के अनुरूप लिखित/कम्प्यूटर बेस्ड/दक्षता परीक्षा आदि के रूप से कौशल परीक्षा ली जावेगी।

33 समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्म तिथि को आधार मानकर वरीयता तय की जावेगी। जिन अभ्यर्थियों की जन्म तिथि पहले होगी (उम्र में बड़े होंगे) प्राथमिकता प्रदान की जावेगी। उम्र की गणना 01 जनवरी 2026 के आधार पर की जावेगी।

34 विशेष आरक्षण अर्हता रखने वाले (दिव्यांग/महिला आरक्षण नियमानुसार होगी) अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने होंगे। अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन में प्रमाण पत्र प्रस्तुत नही करने की स्थिति में सामान्य श्रेणी में सम्मिलित किया जावेगा।

35 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र (सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र) प्रस्तुत/अपलोड आवेदन के साथ करना होगा। इस विषय पर छ. ग. शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशानुसार कार्यवाही की जावेगी।

36 आवेदकों को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है। निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

37 **संविदा मानदेय** :– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय व अन्य राशि प्रावधानित आर.ओ.पी. (NHM) अनुसार देय होगी, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नही होगा।

दावा आपत्तिः–

38 ***आवेदक द्वारा आनलाईन आवेदन के समय की गई प्रविष्टि में टंकण त्रुटि होने पर, यदि आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को दावा आपत्ति के समय तक नहीं सुधारा जाता है, तो दस्तावेज सत्यापन के समय यदि किसी भी प्रकार की त्रुटि पायी जाती है तो आवेदन निरस्त माना जावेगा। इस संबंध में किसी भी प्रकार का अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा।***

39 दावा आपत्ति में अभ्यर्थियो द्वारा अलग से प्रस्तुत कोई भी विवरण मान्य नही किया जावेगा। पूर्व में आवेदन के साथ संलग्न विवरण के संबंध में प्रस्तुत दावा ही मान्य किये जावेंगे।

40 प्रकाशित प्रारंभिक पात्र–अपात्र सूची का अवलोकन अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा दावा आपत्ति उपरांत किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

41 यह नियुक्ति संविदा आधार पर दिनांक 31 मार्च 2027 तक के लिए की जावेगी, कार्य संतोषजनक पाये जाने पर सेवा अवधि में वृद्धि की जा सकती है तथा भारत सरकार द्वारा प्राप्त आर.ओ.पी. में स्वीकृति के आधार पर ही संविदा सेवा अवधि में वृद्धि की कार्यवाही की जावेगी।

42 संविदा पर नियुक्ति कर्मचारी का सेवा वृद्धि हेतु प्रत्येक वित्तीय वर्ष में "वार्षिक कार्यमूल्यांकन" के आधार पर नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा। कार्य संतोषजनक न होने तथा कार्यमूल्यांकन हेतु निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त न करने की दशा नियमानुसार 03 माह का नोटिस व सेवा समाप्ति नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जा सकेगा।

43 चयनित अधिकारी/कर्मचारी का कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने की स्थिति में नियोक्ता द्वारा एक माह का अग्रिम नोटिस या एक माह का वेतन देकर किसी भी समय सेवा समाप्त की जा सकेगी अथवा अधिकारी/कर्मचारी एक माह पूर्व नोटिस या एक माह का वेतन जमा कर स्वयं पद त्याग कर सकता है।

44 उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने के स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।

45 संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का Performance Appraisal नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।

46 आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रकिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगा।

47 **प्रतीक्षा सूची** :– उक्त पद के लिये प्रवर्गवार प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी जिसकी वैधता जारी दिनांक से एक वर्ष तक अथवा नवीन भर्ती प्रकिया संपन्न होने, जो भी पहले हो तक रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नए पद/त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी इसी प्रतीक्षा सूची में भरा जा सकेगा।

48 चयन प्रकिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रकिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा। तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

49 संविदा कर्मचारी द्वारा नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात् नियुक्ति प्राधिकारी के साथ राशि रू. 50/– के गैर न्यायिक बंध पर अनुबंध निष्पादित किया जाना होगा, अनुबंध के निष्पादन पर होने वाला व्यय चयनित अभ्यर्थी द्वारा वहन किया जावेगा।

50 भर्ती की प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति का होगा जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

51 ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा से समाप्त की गई है चाहे वे किसी भी पद पर रहे हो उन्हे अपात्र उम्मीदवारों की श्रेणी में रखा जावेगा।

52 प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में पदों की संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है या निरस्त भी किया जा सकता है। जिसका अधिकार चयन समिति/नियोक्ता का होगा।

53 विज्ञापन व भर्ती प्रक्रिया के समय तथ्यात्मक/लिपिकीय/रिक्तियों/टंकण आदि संबंधित त्रुटि सुधार किया जा सकेगा, जिसकी सूचना विधिवत प्रकाशित किया जावेगा।

54 जिन विज्ञापित रिक्त पद में शैक्षणिक योग्यता "एक से अधिक" या "अथवा" के रूप में चाही गई हो उन पदों में अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक शैक्षणिक योग्यता संलग्न किये जाने पर केवल उच्च शैक्षणिक योग्यता को मान्य किया जावेगा।

55 विज्ञापन की विस्तृत जानकारी एवं चयन प्रकिया एवं परिणाम कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला रायगढ़ के वेबसाईट https://raigarh.gov.in पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार से जानकारी नहीं दी जावेगी।

(जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुमोदित)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

आवेदन हेतु लिंक– https://govthealth.cg.gov.in/recraigarh2026/

शुल्क भुगतान हेतु :–

DISTRICT HEALTH SOCIETY RAIGARH
- Outlet1

Address 496001, 496001, RAIGARH, CHATTISGARH-496001
MID 022211900745502

Appendix-I

[Format for Certification from Principal for Applying for CHO, NHM, CG]

[For Candidates who has been passed in Final Examination of B.Sc. (Nursing)/Post Basic BSc (Nursing) along with integrated Certificate course in Community Health (CCH)]

College Letter Head

Certificate

This is to certify that Mr./Ms./Mrs. ..... University enrollment number ..... Son/daughter/Wife of ..... is a passed student of B.Sc. Nursing/Post Basic B.Sc. Nursing course with integrated curriculum of Certificate in Community Health as per notification of University.

Dated: .....

Authorized Signatory
Signature With Seal